केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात की राजधानी गांधीनगर में ₹708 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया और डाक विभाग के लाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया

पूरा विश्व भारत की सेनाओं की क्षमता और मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की प्रशंसा कर रहा है

आज पूरी दुनिया भारत की रणनीति और सैन्य शक्ति को आश्चर्यचकित होकर देख रही है और पाकिस्तान भयभीत होकर उसका अनुभव कर रहा है

मोदी जी के शासनकाल में परफेक्ट हुए एयर डिफेंस सिस्टम ने एक भी मिसाइल और ड्रोन को भारत की भूमि पर नहीं गिराने दिया

आजादी के बाद पहली बार पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर बने आतकी कैंप्स को भारत ने ध्वस्त करने का काम किया

भारत ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को तबाह कर उनकी वायु सेना की हमला करने की क्षमता को तहस नहस कर दिया

न्यूक्लीयर की धमकी देने वालों को भारत की तीनों सेनाओं की सटीकता, संयम व दृढ इच्छाशक्ति का अहसास हो गया

गृह मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए तीनों सेना के जवानों को बधाई दी

आतंक विरोधी अभियान का नाम ‘ऑपरेशन सिंदूर’ रखकर मोदी जी ने दुनिया को संदेश दिया कि ‘सिंदूर भारत का संस्कार है’

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा के हेडक्वार्टर को मिट्टी में मिलाकर लिया

प्रविष्टि तिथि: 17 MAY 2025 8:35PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात की राजधानी गांधीनगर में ₹708 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया और डाक विभाग के लाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद से गुजरात की ही तर्ज पर देश का विकास किया है और आज भारत हर क्षेत्र में विकसित बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को हर क्षेत्र में विकसित करने के साथ-साथ सुरक्षित रखने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने से पहले देश में आए दिन आतंकी हमले होते थे, पाकिस्तान से आतंकी आते थे औऱ हमारे जवानों और जनता को मार कर चले जाते थे और बम धमाके करते थे, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया जाता था।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से तीन बड़े आतंकी हमले हुए। पहला हमला उरी, दूसरा पुलवामा और तीसरा हमला हाल ही में पहलगाम में करने का दुस्साहस पाकिस्तान-प्रेरित आतंकवादियों ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने हर हमले का जवाब इतनी ताकत के साथ दिया है कि आज पूरी दुनिया आश्चर्यचकित होकर देख रही है और पाकिस्तान भयभीत होकर उसका अनुभव कर रहा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि जब उरी में आतंकी हमला हुआ तब भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक कर उसका प्रतीकात्मक जवाब दिया गया, पुलवामा हमले के जवाब में एयर स्ट्राइक कर चेतावनी दी गई। पाकिस्तान और आतंकवादी फिर भी नहीं सुधरे औऱ उन्होंने पहलगाम में हमला किया, लेकिन इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के हेडक्वार्टर को नेस्तनाबूद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के सुरक्षा विशेषज्ञ ऑपरेशन सिंदूर का एनालिसिस करते हैं तो आश्चर्यचकित रह जाते हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा के हेडक्वार्टर को मिट्टी में मिलाकर लिया। पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमारे नागरिकों, पर्यटकों, निहत्थे लोगों का धर्म पूछकर, उनके परिवारों और बच्चों के सामने उनकी कायराना और निशृंस हत्या की। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब अपने संस्कार के हिसाब से दिया। श्री शाह ने कहा कि भारत ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा के हेडक्वार्टर उड़ा दिए और भारत की वीर सेनाओं ने 9 ऐसे ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया जहां आतंकी तैयार और प्रशिक्षित किए जाते थे। उन्होंने कहा कि POK में कई स्थानों और पाकिस्तान की सीमा में 100 किलोमीटर अंदर जाकर हमारी सेना ने आतंकवादियों को जवाब देने का काम किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि कई अंतर्राष्ट्रीय आतंकी घटनाओं के सरगना और कैंपों में छिपे आतंकियों को हमारे बमों के धमाकों की गूंज ने स्पष्ट संदश भेजा कि अगर भारत की जनता के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार किया गया और आतंकी घटना की गई, तो उसका जवाब दोगुने जोश के साथ दिया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि हमने सिर्फ आतंकी अड्डों पर ही हमला किया था, लेकिन पाकिस्तान की सेना ने 8 मई को हमारी निर्दोष जनता पर कच्छ से लेकर कश्मीर और भारत की पश्चिमी सीमा पर हमला करने का दुस्साहस किया। प्रधानमंत्री मोदी जी के शासनकाल में परफेक्ट हुए हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने एक भी मिसाइल और ड्रोन को भारत की भूमि पर नहीं गिरने दिया। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा 100 से अधिक दुर्दांत आतंकियों को समाप्त करने के बाद पाकिस्तान किसी भी प्रकार भारत को नुकसान पहुंचाने में सफल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना सोच ही रही थी, तभी 9 मई को भारत के वीर जवानों ने 15 जगहों पर पाकिस्तान के कई एयरबेस पर उनकी वायु सेना की हमला करने की क्षमता को तहस नहस कर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की सेनाओं के सामर्थ्य को आश्चर्यचकित होकर देख रही है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत ने आज़ादी के बाद पहली बार पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर जाकर पाकिस्तानी आतकी कैंप्स को ध्वस्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि जो हमें न्यूक्लीयर के नाम पर डराते थे, हमारी वायु, जल और थल सेना ने उन्हें ईंट का जवाब पत्थर से देने का काम किया है। आज पूरी दुनिया हमारी सेनाओं की मारक क्षमता की सटीकता, संयम औऱ प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की प्रशंसा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की तीनों सशस्त्र सेनाओं के जवानों को आज पूरा देश सलाम कर रहा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम से पूरे देश का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए गर्व का विषय है कि गुजरात और भारत माता के सपूत हमारे नेता श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत माता के मस्तक को ऊंचा औऱ देश को सुरक्षित करने का काम किया है। गृह मंत्री ने कहा कि जब तक दुनिया में मिलिटरी ऑपरेशन्स की चर्चा होगी तब ऑपरेशन सिंदूर की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का नामकरण स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमारी माताओं-बहनों के सम्मान में किया। उन्होंने कहा कि सिंदूर का सम्मान भारत का संस्कार है औऱ इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखने से पूरी दुनिया को यह संदेश देने का काम हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने बिहार में जो वादा किया था कि हम पहलगाम आतंकी हमले का बदला ज़रूर लेंगे, उन्होंने वह वादा पूरा करके दिखाया है।

******

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2129376)